हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 नक्सलियों के अभेद किला अबूझमाड़ के 'नेलांगुर' ...



10 एनएच -30 पर लगातार हो रहे हादसे घाटी में जाम का ...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर गढ़िया में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

## ग्रामीण को ऑनलाइन होने का मिलेगा लाभ : भरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप, सचिव,पंचगणों व ग्रामवासियों की उपस्थिति में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में महत्वपूर्ण बैठक रखा गया।

बैठक में जीपीडीपी कार्यों योजना तैयार किया गया, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को बढ़ावा व ग्रामवासियों को सीधे लाभ होगा। विदित हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से लोगों को अधिकाधिक डिजिटल से जोड़ा जा रहा हैं। इसी विषय को लेकर आज ग्राम पंचायत गढ़िया में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुभारंभ किया गया। सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सुविधा अंतर्गत अब ग्रामवासियों को पेंशन योजना, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु पंजीयन प्रमाण, राजस्व आवेदन, पैन कार्ड, फंड ट्रांसफर, जैसे अन्य सभी ऑनलाइन सुविधा पंचायत में सीधा ग्रामवासियों को मिलेंगी। अटल डिजिटल पंचायत'' योजना के अंतर्गत पंचायत की सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने और ग्रामीणों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने पर सहमति बनी।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य बोंजा मौर्य, उपसरपंच संतू कश्यप, सचिव डमरू नेताम, पीलूराम बघेल, निरंजन बघेल, रामसिंह कश्यप हेमनाथ कश्यप, लखन कश्यप, तुलसी मण्डावी, सुदरू सेठिया, कुपी राम, चेतन ग्वाल, सामनाथ सहित सैकड़ों ग्रामवासियों उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में सर्व हिन्दू समाज आज देगा श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के विरोध एवं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शुक्रवार की शाम श्रद्धांजलि दी जाएगी। शाम 5 बजे शहीद स्मारक सिरहासार में सर्व हिन्दू समाज के लोग जुटेंगे। अध्यक्ष धर्म चंद शर्मा ओर सचिव रंजित पाण्डेय ने यह जानकारी दी है।

### मुस्लिम जमात आतंकवाद का पुतला जलाएगा आज

**जगदलपुर।** अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के सदर एवं कार्यकारी अध्यक्ष डां. एस जहिरूद्दीन ने बताया कि मानवता को कलंकित करने वाले आतंकवादियों का पुतला दहन शुक्रवार को मिताली चौक में किया जाएगा।

### हिंगलाजिन मंदिर में वार्षिक मेला 29 को लगाया जाएगा

**जगदलपुर।** सिद्ध शक्ति पीठ हिंगलाजिन मंदिर ग्राम बनियागांव में 29 अप्रैल को वार्षिक मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम पंचायत सोनपुर के बनियागांव में होने वाले आयोजन में उड़िया नाट की प्रस्तुति होगी।

### परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकलेगी 30 को

**जगदलपुर।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार देवाधिदेव ब्राहम्णों के आराधय देव भगवान परशुराम तथा आदिगुरू शंकराचार्य का जन्मोत्सव 30 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्व ब्राहम्ण समाज के इस आयोजन में दंतेश्वरी मंदिर के सामने महाआरती महाभण्डारा और शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### संघकरमरी में मनाया गया पंचायती राज दिवस



**जगदलपुर।** बकावण्ड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत संघकरमरी मे सरपंच जयमनी सोनसाय कश्यप एवं रोजगार सहायक पुरन नेताम उप सरपंच सुकरी और समस्त पंच गण की उपस्थिती में राष्ट्रींय पंचायती राज दिवस मनाया गया इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी महतारी, महात्मा गांधी व डां बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर पंचायती राज दिवस मनाया गया।

### कादंबरी ने ग्रंथालय को दी दो पुस्तके



**जगदलपुर।** पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में कादंबरी सामाजिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय में अध्यक्ष करमजीत कौर ने स्वरचित कहानी संग्रह बीजी एवं साहित्यिक प्रभारी उषा चिखलीकर ने जगद्गुरू की पुस्तक प्रेमसुख सिद्धांत ग्रंथालय के सहायक प्रभारी गजराज सिंह को भेंट की साथ ही लाइब्रेरी में पुस्तक वाचन भी किया।

## निंदा : आतंकी हमला कायराना हरकत और मानव मूल्यों की उपेक्षा

# कांग्रेस ने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकी हमले में शहीदों को सिरहसार चौक पर स्थित शहीद स्मारक में कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

अध्यक्ष ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकी द्वारा निर्दोषों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। बेहद अमानवीय घटना व घोर निंदनीय है। हम प्रधानमंत्री से मांग करते है कि आतंकी राष्ट्र पाकिस्तान को इस हमले का मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। साथ ही इस देश की आंतरिक सुरक्षा में हुई चूक को लेकर गंभीर होना चाहिए। देश की आंतरिक आईबी, एलआईबी सहित तमाम बड़ी सुरक्षा एजेंसी से कैसे चूक हो जाती है, इस पर सोच विचार करना चाहिए। साथ ही देश के किसी भी हिस्से में इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए बेहतर कदम उठाने चाहिए। दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करनें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति देने ईष्वर से कामना की गई।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री सेमिएल नाथ, एम वेंकट राव,गौरनाथ नाग,मनोज साहनी, कविता साहू, जावेद खान, पार्षद सूर्या पानी, अफरोज बेगम, शुभम यदु, जस्टिन भवानी, ललिता राव, कमलेश पाठक, एस नीला, सायमा अशरफ, सुनीता दास, राजेश साहू, सलीम अली, उत्तम साहू, राजेन्द्र पटवा,मंगलू मरकाम, आदि उपस्थित थे।



### विहिप, बजरंगदल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**जगदलपुर।** जम्मू कश्मीर में आतंकी जिहादियों के नरसंहार के विरोध में विहिप बजरंगदल ने गोल बाजार चौक में आतंकवाद का पुतला फूंका। तत्पश्चात मृतको के आत्मा की शांति के लिए शहीद स्मारक में पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विहिप प्रांत पदाधिकारी शिशुपाल सिंह राजपूत ने अपने वक्तव्य में कहा की आतंकियों ने धर्म पूछ–पूछ कर हिंदुओ की टार्गेट किलिंग की है, जो घोर निंदनीय है। देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री लगातार हो रहे हिंदू अत्याचार पर बड़ा निर्णय ले ताकि हिंदू अपने देश में बिना भय के रह सके। इस दौरान विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता जिला उपाध्याय जागेश्वर साहू जिला सह मंत्री होमेश राठौर जिला गौ रक्षा विभाग विष्णु ठाकुर विभाग सेवा विभाग प्रमुख अनिल अग्रवाल पूर्व जिला संयोजक घनश्याम नाग, नगर अध्यक्ष पवन राजपूत नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, साप्ताहिक मिलन प्रमुख योगेश रैली, सुंदर, पवन, जसवंत नगर के गणमान्य नागरिक एवं समस्त बजरंगी उपस्थित थे।

# सौरापाल में बनाये जा रहे एनीकट के स्थल परिवर्तन को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बस्तर ब्लॉक के भैंसगाँव के सौरापाल ग्राम पंचायत में बनाये जा रहे एनीकेट को दूसरे जगह शिफ्ट किये जाने को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। ग्रामीणों ने स्थल परिवर्तन को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा है। उनका कहना है कि एनिकट का निर्माण उनके ग्राम पंचायत में ही किया जाना चाहिए न कि राजपूर पंचायत के जंगलों में ग्रामीणों ने बताया कि जल संसाधन विभाग ने एनिकट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था, लेकिन अब इसे दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इससे उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा और यह उनके हितों के खिलाफ है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि वे उनकी मांगों को अनदेखा कर रहे हैं और मनमर्जी से काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन को उनके ग्राम पंचायत में ही एनीकेट का निर्माण करना चाहिए, जहां इसके लिए पहले से ही स्वीकृति दी गई थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन उनकी मांगों को नहीं मानता है और एनीकेट का निर्माण दूसरे स्थान पर करता है, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। किसानों ने मांग की है कि एनीकेट का निर्माण उनके ग्राम पंचायत में ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और उनकी फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी। किसानों ने कहा कि वे अपने हितों के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं।

# स्वास्थ्य विभाग के जेडी कार्यालय के कर्मियों को 2 माह से वेतन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

- संयुक्त संचालक के रिटायर होने से कार्यालय में डीडी पॉवर नहीं

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग के एच्छिक सेवानिवृत्त वीआरएस 31 मार्च होने से शासन की ओर से बस्तर संभाग में अब तक संयुक्त संचालक के पद पर किसी भी डॉक्टर को चार्ज नहीं दिया गया। जेडी कार्यालय में जेडी नहीं होने से डीडी पॉवर किसी को भी नहीं दिया गया। जिसके चलते जेडी कार्यालय के 8 कर्मचारियों को दो माह से ▶▶|शेष पेज 10 पर



### शासन का होगा आदेश

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने इस संबंध में बताया कि शासन की ओर से संयुक्त संचालक कार्यालय में डीडी पॉवर मिलने के बाद कर्मचारियों को वेतन मिल सकेगा, इसके लिए शासन की ओर से आदेश किया जाएगा।

# 32 अवैध टुल्लू पंप किए गए जब्त, लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पेयजल समस्या को देखते हुए निगम प्रशासन की कार्रवाई

इन दिनों भीषण गर्मी और पेयजल को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा अवैध रूप से संचालित टुल्लु पंपों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक 17 एवं 23 अप्रैल को गुरूघासीदास वार्ड से 3, प्रतापदेव वार्ड से 6, रमैया वार्ड से 6 इस प्रकार कुल 32 अवैध टुल्लु पंप जब्त किया गया है। यह कार्रवाई जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने और आम नागरिकों को जल संकट से निजात दिलाने के लिए की जा रही है। नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने बताया कि यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा। किसी भी प्रकार के अवैध जल दोहन गतिविधियों को बर्दाशत नहीं किया जावेगा। आम जनता से भी अपील की गई है कि जल संरक्षण में सहयोग करें और किसी भी अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल नगर निगम को दें। भविष्य में इस कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए और भी कड़े निर्णय लिये जावेंगें, जिसमें टुल्लु पंपों की जब्ती के साथ–साथ अर्थदण्ड जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

# मधुमक्खी पालन की प्रक्रिया से अवगत हुए कॉलेज के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय का भ्रमण कर लिया प्रशिक्षण

प्राणी शास्त्र विभाग, शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के छात्रों ने मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के लिए शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय का भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राणी शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार दत्ता द्वारा छात्रें को कौशल विकास हेतु मधुमक्खी पालन को आवश्यक बताया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर एस नेताम द्वारा छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा में मधुमक्खी पालन हेतु मार्गदर्शन दिया गया। डॉ. एन सी मंडावी वैज्ञानिक ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी कॉलोनी में रानी, वर्कर ड्रोन कार्यों की जानकारी दी। वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। राजेश पटेल ने छात्रें को प्रक्षेत्र में मधुमक्खी पालन हेतु मॉडर्न बॉक्स तकनीक से एपीकल्चर की जानकारी दी। मधुमक्खी की कॉलोनी की स्थापना की जाती है । शहद उत्पादन, बी वैक्स, बी वेनम, उत्पादन ▶▶|शेष पेज 10 पर



## भाजपा की जनविरोधी नीति के कारण जलसंकट : पीसीसी अध्यक्ष

# कांग्रेस करेगी जीवनदायिनी इंद्रावती नदी मुद्दे को लेकर पदयात्रा, प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी के मुद्दों को लेकर आगामी पदयात्रा के विषय पर समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

श्री बैज ने कहा आज प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी व बस्तर दोनों ही बड़े खतरे में है। बस्तर के आदिवासियों की जल,जंगल,जमीन को यह सरकार उजाड़ रही है। इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है। पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं,परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर रही है। विगत 14 महीना से राज्य में भाजपा की सरकार है, जल संसाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं ▶▶|शेष पेज 10 पर




### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रदेश के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैद्धु,जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य,ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा,प्रदेश सचिव शंकर राव,निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन,सुषमा सूता,राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग,राम शंकर राव,अवधेश झा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई,एन एस यू आई अध्यक्ष विशाल खंबारी,पार्षद विक्रम डांगी,सूर्या पानी,शुभम यदु,लोकेश चौधरी,राजेश राय,बी ललिता,अपर्णा बाजपेई,बलराम यादव,प्रकाश अग्रवाल, अतिरिक्त शुक्ला,विक्रांत सिंह,रवि शंकर तिवारी, अनुराग महतो,एम ज्योति राव, एस नीला,माही श्रीवास्तव,खीरेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# बंगाली कैंप में शुरू हुआ अष्ट प्रहर हरिनाम संकीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बंगाली कैंप-2 में अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन घाट में घट भराई, अधिवास कीर्तन के साथ आज से आरम्भ हुआ जो लगातार 19 वर्षो से कैंप के लोगों द्वारा मिलजुल कर संचालित किया जा रहा हैं। संकीर्तन में भगवान के प्रति प्रेम, भक्ति और श्रद्धा का भाव होता हैं। पूजा कमेटी के व्यवस्थापक दिनेश गाइन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की 25 अप्रैल सुबह 6 बजे से संकीर्तन प्रारम्भ होगा, जो 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक जारी रहेगा एवं नगर भ्रमण 26 तारीख प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक किया जायगा। 25 तारीख को सुबह से भंडारा प्रारम्भ हों जायगा जो रात्रि तक अनवरत जारी रहेगा एवं 26 तारीख को खिचड़ी भंडारा का आयोजन रहेगा। संकीर्तन में पाखनजोड़ से आये 2 दल, उमरकोट से 1 दल और मलकानगिरी से आये 1 दल द्वारा अष्ठम प्रहर मधुर संकीर्तन किया जायगा। पाखन जोड़ से वैष्णव संप्रदाय के 8 वैष्णव पूजा परिचालन के लिए बुलाये गये हैं।

# नक्सलियों के अभेद किला अबूझमाड़ के 'नेलांगुर' में आईटीबीपी ने खोला नया कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ को नक्सलियों का अभेद किला माना जाता रहा है। भारत सरकार के नक्सल उन्मूलन मिशन और सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी 'माड़ बचाओ' अभियान के अंतर्गत विगत कुछ महीनों में सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर, आईटीबीपी, कोंडागांव छग के अधीन आने वाली आईटीबीपी की वाहिनियों ने जिला नारायणपुर, अबूझमाड़ क्षेत्र में लगातार अपनी ताकत बढ़ाई है। डी.आई.जी. राणा युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में हिमवीरों ने इस दुर्गम व अबूझ इलाके में लगातार नए कैंप स्थापित किए हैं। अबूझमाड एक्सिस में अपनी तैनाती पूरी करते हुए इसको महाराष्ट्र बॉर्डर से जोड़ दिया है।

अबूझमाड़ में आईटीबीपी की बढ़ती ताकत व नक्सलियों की कमजोरी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हाल ही में आईटीबीपी, डी.आर.जी. व छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियानों में भारी सफलता हाथ लगी है। बड़ी तादाद में नक्सली आत्मसमर्पण कर देश की मुख्य धारा में शामिल हो रहे हैं या इलाका छोड़कर भाग रहे हैं। इस वर्ष जनवरी से अभी तक आईटीबीपी ने 5 नए कैंप अबूझमाड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 130 डी पर स्थापित किए गए हैं। जिनमें महाराष्ट्र सीमा से लगभग 1 किमी की दूरी पर नया व अंतिम कैंप 'नेलांगुर' भी शामिल है। नेलांगुर सी.ओ.बी. 45वीं वाहिनी, आईटीबीपी द्वारा स्थापित किया गया है।

## अबूझमाड़ में छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र बार्डर तक होगी पहुंच




### ये रहे मौजूद

राणा युद्धवीर सिंह, डी.आई.जी. ने कहा कि ऐसे ऑपरेशनों में हमारे सेंट्रल फ्रंटियर मुख्यालय, आईटीबीपी के आई.जी. ओ.पी. यादव का मार्गदर्शन व सहयोग मिलता रहा है। राजीव गुप्ता, सेनानी और उनकी 45वीं वाहिनी की टीम को नई सी.ओ.बी. नेलांगुर खोलने के लिए शाबाशी देते हुए श्री सिंह ने सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रैंज, अमित कामले, डी.आई.जी., कांकेर रेंज, प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर, डी.आर.जी. व छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमों के सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। नरेन्द्र सिंह, सेनानी 41वीं वाहिनी व उनकी टीम और संजय कुमार, सेनानी 53वीं वाहिनी व उनकी टीम भी इस मौके पर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घायल युवक की ईलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर।** थाना अंतर्गत जिला अस्पताल में 23 अप्रैल को सुबह करीबन साढ़े 9 बजे मुंगेली के जापल निवासी 29 वर्षीय बलराम सिंह राजपूत का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने के कारण ईलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पैसा नही मिलने पर युवक ने लगा ली फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बड़ेगांव भीरागांव निवासी 19 वर्षीय हौलेहा कुमार शोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बड़ेगांव भीरागांव निवासी नरेंद्र शोरी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने पैसे का मांग किया था। पैसे देने से मना करने पर घर में ही 22 अप्रैल को दोपहर ढाई बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया ।

### दमकसा - कच्चे मार्ग के चौड़ीकरण करने की मांग

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत दमकसा से कच्चे जाने वाली मुख्यमार्ग वयनर और इमलीमोड़ बीच के पहाड़ी के पास सड़क बहुत खराब है, जिससे लोगों को आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत झिटकाटोला के सरपंच दुर्गा ध्रुव, भीरावही के सरपंच हिरेसिंह दरों, मोहन नेताम, अवध निर्मलकर ने बताया कि अगर आगे से बड़ी गाड़ी आ जाती ,है तो सामने वाले के लिए जगह ही नहीं बचता है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत एवं चौड़ीकरण करने की मांग किया है, ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके।

### कबाड़ी का सामान लेने आए वाहन चालक ने युवक की काटी ऊंगली

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के कबाड़ी दुकान में कबाड़ी का सामान लेने रायपुर से ट्रक लेकर आए ड्रायवर ने काम करने वाले युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। आरोपी युवक ने पीड़ित की ऊंगली को दांतो से काट लिया, जिससे ऊंगली अलग हो गया। अलग हुए ऊंगली को आरोपी ने पूरा निगल लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 2 भानुप्रतापपुर निवासी 38 वर्षीय खिलावन बिझेकर पिता स्व. रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल को दोपहर करीबन डेढ़ बजें बिरेन्द्र नेताम के कबाड़ी दुकान में काम कर रहा था। उसी समय मुझे बिरेन्द्र नेताम बोला कि रायपुर से कबाड़ी समान लेने गाड़ी आई है, उसके ड्राइवर को जाओ बुलाकर ले आना । मै ट्रक के ड्राईवर रामलौटन को बुलाने के लिए गया और ड्राईवर को बोला कि चलो तुमको दुकान मालिक बुला रहा है। उतने में ड्राईवर गाली देने लगा, कहा कि तू कौन होता है, मुझे आदेश देने वाला, आज तुझे जान से मार कर खत्म कर दूंगा। जान से मारने की धमकी देते हुए उसने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर मेरे बांए हाथ को पकड़कर अंगूठा के बगल वाली ऊंगली को अपने मुंह में ले जाकर दांतो से काट दिया, जिससे मेरा ऊंगली अलग हो गया।

## निर्देश: चेकिंग पाइंट बनाएं, रफ्तार पर लगाम लगाएं

# एनएच -30 पर लगातार हो रहे हादसे घाटी में जाम का कलेक्टर ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग- 30 में लगातार हो रहे हादसों के कारण मौत होने व केशकाल घाटी में जाम को लेकर नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संबंधित विभागों की बैठक ली। चेकिंग पाइंट बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

- वाहनों की जांच कर आरटीओ व पुलिस करे कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि एनएच 30 में इन दिनों कोंडागांव जिला परिवहन विभाग द्वारा अनफिट वाहनों की अनदेखी करने और यातायात के नियमों को दरकिनार कर तेज रफ्तार से दनदनाती यात्री बसों की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें लोगों की जान जा रही है, कई घायल हो रहे हैं। इसके साथ ही केशकाल घाटी में भी आए दिन मालवाहक ट्रकें खराब हो जाती हैं। जिसके कारण रात के वक्त सड़क दुर्घटनाएं होने की आशंका भी बनी रहती है और लंबा- लंबा जाम लग जाता है। कोंडागांव, फरसगांव व केशकाल थाना क्षेत्र में हुए सैकड़ों सड़क हादसों के बावजूद इस ओर न तो स्थानीय पुलिस ध्यान देती है और ना ही जिला परिवहन विभाग अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन कर रहा है।









### बखौफ दौड़ रहे अनफिट वाहन

आपको बता दें कि लौह अयस्क एवं खनिज संपदाओं से परिपूर्ण बस्तर संभाग के बैलाडीला, जगदलपुर एवं नारायणपुर स्थित खदानों से प्रतिदिन हजारों ट्रकें निकलती हैं। ट्रकें नारायणपुर तिराहे से निकलकर फरसगांव केशकाल घाटी से होते हुए गुजरती हैं। यदि परिवहन विभाग द्वारा केशकाल घाटी के नीचे चेकपोस्ट लगाकर इन ट्रकों की बारीकी से जांच की जाए तो अधिकांश वाहन अनफिट अथवा यातायात के नियमों का उलंघन करते मिलेंगे। इसको लेकर आज दिनांक तक जिला परिवहन विभाग द्वारा फरसगांव और केशकाल में एक भी शिविर नहीं लगाया गया है। आरटीओ विभाग की इस मेहरबानी का कारण न जाने क्या है, लेकिन एक बात तो स्पष्ट है कि आरटीओ विभाग की उदासीनता से लापरवाह वाहन चालकों/मालिकों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। इस सम्बंध में जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया से 2-3 बार फ़ोन के माध्यम से जानकारी लेने का प्रयास किया। उन्होंने फ़ोन उठाया।

### कलेक्टर ने बैठक में दिए सख्त निर्देश

वहीं कोंडागांव जिले की नवपदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने इस समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए पदभार लेते ही राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, कोंडागांव पुलिस एवं परिवहन विभाग की विशेष बैठक लिया। जिसमें आरटीओ और पुलिस विभाग को सख्त निर्देश दिए गए है कि एनएच-30 में होने वाली दुर्घटनाओं के प्रमुख स्पॉट्स को चिन्हांकित कर वहां चेकिंग पॉइंट लगाया जाए। जिन स्थानों पर रात के वक्त स्ट्रीट लाइट की रौशनी है वहां गति नियंत्रण के लिए स्टॉपर लगाए जाएंगे। साथ ही शहर में तेज रफ्तार से चलने वाली यात्री बसों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लौह अयस्क का परिवहन करने वाले वाहनों की जांच होगी

कलेक्टर ने बताया कि नारायणपुर और बैलाडीला से आने वाली ट्रकों और हाइवा के कारण भी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे मे पुलिस विभाग और आरटीओ विभाग के समन्वय से एक निश्चित स्थान पर चेकपॉइंट लगाकर लौह अयस्क लेकर आने वाले सभी वाहनों की जांच कर कार्रवाई करे।

### केशकाल घाटी में लगेंगे कैमरे

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लगे कैमरों पर भी संज्ञान लिया है, उन्होंने बताया कि हमने सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाओं वाले 9-10 स्थानों को चिन्हांकित किया है। इसके साथ ही केशकाल घाटी व शहर में स्पीडर कैमरे लगाने की आवश्यकता है। जिससे ओवरस्पीडिंग कर रहे वाहनों पर आसानी से कार्रवाई होगी।

## नवीन बस स्टैंड का किया अफसरों ने औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार ने आज सुबह कोंडागांव के नवीन बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बसों के नियमित आवाजाही और यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को शहर में जो भी यात्री बसें अन्यत्र सड़कों पर रुकते हैं। उन सभी यात्री बसों को नए बस स्टैंड पर रुकवाने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्री बसों का नए बस स्टैंड पर आवाजाही निरंतर होती रहे। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एसडीएम, अजय उरांव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी हुई न्यायिक अधिकारियों की बैठक

**कोण्डागांव।** नेशनल लोक अदालत की तैयारी के उद्देश्य से आज कोण्डागांव जिला न्यायालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती किरण चतुर्वेदी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने की। आगामी 10 मई को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में लंबित वादों के शीघ्र निपटारे, आपसी सुलह के माध्यम से विवाद समाधान तथा न्याय व्यवस्था में जनसहभागिता को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधान जिला न्यायाधीश ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का समाधान सुनिश्चित करें। जिससे न्यायिक प्रणाली पर भार कम हो और नागरिकों को तेजी से न्याय मिल सके। नेशनल लोक अदालत की यह पहल न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



**ये रहे उपस्थित-** इस बैठक में विक्रम प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो, श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिव प्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव समेत अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## 186 पूर्णकालीन स्वीपर कर्मचारी 10 वर्ष से वेतन निर्धारण की प्रतीक्षा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला स्कूल, आश्रम, छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ ने सीधी भर्ती के तहत नियुक्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण व अन्य समस्याओं पर सरकार के ध्यानाकर्षण निराकरण के लिए 1 मई से जगदलपुर से रायपुर पदयात्रा की जानकारी दी है।

- सीधी भर्ती के बाद भी नियमित नहीं मिलता वेतन
- 1 मई से रायपुर तक पदयात्रा करेगा कर्मचारी संघ

बताया गया कि वर्ष 2014 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पांचवी अनुसूची के तहत बस्तर संभाग में विशेष भर्ती अभियान चतुर्थ श्रेणी चलाया गया था। जिसके तहत बस्तर जिले के आदिवासी विकास शाखा जगदलपुर द्वारा 199 नियमित, 464 आकस्मिक स्थापना एवं 186 पूर्णकालीन स्वीपर की भर्ती लिखित परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से किया गया था। जिसमें से 199 कर्मचारियों की सीधे नियमित के रूप में नियुक्ति मिली थी। 464 आकस्मिक स्थापना में कर्मचारियों की वर्ष 2018 में तीन वर्ष पूर्ण करने के पश्चात वेतन निर्धारण नियमितिकरण किया गया था। जबकि 186 पूर्णकालीन स्वीपर कर्मचारी 10 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात भी आज तक अपने वेतन निर्धारण की प्रतिक्षा में है।

उक्त 186 कर्मचारियों को विभाग द्वारा अनदेखी की जा रही है। बल्कि शोषण की जा रही है। वर्ष 2014 में विभागीय सेटअप के तहत वित्तीय अनुमोदन होने के बावजूद प्रतिमाह वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। कार्यालय से वेतन के सम्बंध में वार्ता करने पर बताया जाता है कि आवंटन की कमी की वजह से वेतन नहीं दिया गया। जबकि सभी 186 पूर्णकालीन स्वीपर कर्मचारी सीधी भर्ती के तहत नियुक्त है। संघ को यह भी बताया गया है कि उनका बजट आवंटन मजदूरी मद से होता है। जिसमें विभाग में कार्यरत दैनिक मजदूरों के साथ वेतन आवंटित किया जाता हैं। उक्त दैनिक मजदूर कर्मचारियों को मौखिक आदेश के तहत बैक डोर एन्ट्री से भर्ती लिया गया है।

### करेंगे आंदोलन

*संघ 1 मई से जगदलपुर से रायपुर तक पदयात्रा कर सरकार का ध्यानाकर्षण कराने का निर्णय लिया है। इसके बाद भी सरकार का ध्यानाकर्षण नहीं होता है तो संघ रायपुर में मुख्यमंत्री के निवास का घेराव करेगी।आवश्यकता हुई तो रायपुर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आमरण अनशन भी करने के लिये मजबूर होगी।*

## कलेक्टर ने एसपी के साथ किया बायपास मार्ग का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ कोंडागांव में निर्माणाधीन बायपास मार्ग का निरीक्षण किया। शेष कार्य को समय सीमा निर्धारित करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए बायपास मार्ग का समय पर निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक मशीनरी और मानव संसाधनों बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लगभग 8.89 किलोमीटर लंबाई वाले बायपास मार्ग सहित सभी पुल–पुलियों का भी गहन अवलोकन किया। मजदूर की संख्या बढ़ाते हुए बचे हुए सभी कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एस.डी.एम. अजय उरांव तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता उपस्थित रहे।

## चूरेगांव में जनपद सदस्य एवं सरपंच ने किया सर्वे

**फरसगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुआर, साय सरकार अभियान के तहत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगातार फील्ड में जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न हो पाए। जनपद पंचायत पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत चूरेगांव में सर्वेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराना, ताकि सबके लिए सुरक्षित और सम्मानजनक आवास सुनिश्चित किया जा सके। जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत चुरेगांव में किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती रेवती लोकनाथ निषाद ने सर्वे का कार्य विधिवत किया। उन्होंने हितग्राही सुपोतीन नेताम / पति स्व. घसिया नेताम घर में जाकर मोबाइल एप के माध्यम से उनकी संपूर्ण जानकारी दर्ज की एवं संबंधित फोटोग्राफ्स लेकर सर्वे प्रक्रिया को पूर्ण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमति रेवती लोकनाथ निषाद, ग्राम पंचायत चुरेगांव सरपंच श्रीमती फुलबती मरकाम , उपसरपंच श्रीमति मनकाय नेताम, एव वार्ड पंच संतोष मरकाम, विजय नेताम , श्रीमती दीपा मरकाम, श्रीमती सुशीला नेताम, सुनीता नेताम, आशुतोष बैरागी, रंजीत मंडल, सचिव मोहन भारद्वाज सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के अंतर्गत पहुंचे

## फुण्डेर में विधायक ने नवनिर्मित देवगुढ़ी का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम गुरुवार को ब्लॉक के ग्राम फुण्डेर में आयोजित देव जात्रा में शामिल हुए। नवनिर्मित देवगुढ़ी का लोकार्पण किए। तत्पश्चात विधायक टेकाम कोनगुड़ के वार्षिक मेला में शामिल हुए। विधायक टेकाम फुण्डेर एवं कोनगुड़ के जात्रा,मेला में बड़ी संख्या में पधारे सभी परगना के देवी-देवता का दर्शन कर आशीर्वाद लिए ।

मेला में विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, ग्रामीणों ने बारी - बारी विधायक टेकाम को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक टेकाम के साथ जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचन्द् मातलम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, भाजपा धनोरा मण्डल अध्यक्ष संतोष सिन्हा, राकेश पोटाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण, सामाजिक कार्यकर्ता गण सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।






## पेज 9 के शेष

### स्वास्थ्य विभाग के ...

वेतन नहीं दिया गया। यही कारण है कार्यालय के कर्मचारियों के परिजन आर्थिक रूप से परेशानी हो रही है। वहीं बताया जा रहा है कि डॉ. नाग ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के विवाद के चलते एच्छिक सेवानिवृत्त (वीआरएस) का आवेदन दिया गया था, जिसे शासन ने स्वीकृत किया। कर्मचारियों ने बताया कि कार्यालय में जब तक जेडी का कार्यभार किसी डॉक्टर को देने के बाद भी कर्मियों को वेतन मिल सकेगा।

### मधुमक्खी पालन की...

की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। विद्यार्थियों द्वारा बायोकॉन्ट्रोल यूनिट का भी भ्रमण किया गया। डॉ. चेतना खांडेकर अतिथि व्याख्याता द्वारा विद्यार्थियों को बायोकॉन्ट्रोल लैब का विकसित करवाया। बायोकॉन्ट्रोल द्वारा किस प्रकार कीटों का नियंत्रण कर सकते हैं जिससे ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा मिले इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। मैक्सिकन बीटल द्वारा पार्थेनियम गाजर घास के नियंत्रण पर भी जानकारी दी गई।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक कल्पना मंडावी, किशन कुमार मरावी, होलेश कुमार साहू विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। छात्रें द्वारा प्रशिक्षण हेतु सभी शिक्षकों का आभार माना गया एवं भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन करने की बात रखी।

### कांग्रेस करेगी ...

जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं। बावजूद इसके केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 9 बड़े प्रोजेक्ट आज तक इंद्रावती नदी में इस सरकार ने आरंभ नहीं करा पाई है । ओडिशा में भी भाजपा की सरकार है। ओडिशा सीमा से चित्रकूट जलप्रपात के बीच 10 छोटे एनीकेट बने हैं। जिनमें से वर्तमान स्थिति में चार एनीकेट पूरी तरह से सूख चुके हैं। मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है कुल मिलाकर भाजपा सरकार सुनने को तैयार नहीं है। आगामी दिनों में सूखने के कगार पर बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी को लेकर कांग्रेस पार्टी चित्रकोट से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक का विशाल पदयात्रा कर इस निरंकुश, जनविरोधी, पर्यावरण विरोधी और सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेगी।

## खबर संक्षेप

### पंचायत दिवस पर ग्रामसभा का आयोजन



**बस्तर।** ग्राम पंचायत मधोता 2 कुंडगुड़ा पंचायत भवन प्रांगण में आम पेड़ के नीचे पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम सभा रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित कृष्ण कुमार ठाकुर, ग्राम सभा अध्यक्ष सानू मंडावी, सरपंच ईश्वर मंडावी, उपसरपंच सामंती ठाकुर, जनपद सदस्य शामली कश्यप, सचिव ललित बघेल, रोजगार सह, हेमराज मौर्य, सीआरपी प्रेम सागर ठाकुर सभी पंचगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें जल संरक्षण जल बचाव हेतु संकल्प लिया गया। आवास में पात्र अपात्र सूची तैयार किया गया, वृद्धा पेंशन सम्बन्धी, राशन कार्ड सम्बन्धी, शौचालय के पात्र अपात्र सूची तैयार किया गया और सरपंच द्वारा पंचायत दिवस सम्बन्धी जानकारी दी गई।

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**सुकमा।** आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से परियोजना पढ़ेगा भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी छात्र सम्मान समारोह 23 अप्रैल को सुकमा के वार्ड क्रमांक-15 कुम्हाररास में पार्षद मांडवी हूर्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एस्सार परियोजना पाइप लाइन क्षेत्रांतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थाओं कक्षा 5वी एवं 8वी में अध्ययनरत बच्चों को उनके गत वर्ष में प्राप्त परीक्षा परिणाम की उत्कृष्टता के आधार पर कक्षा में प्रथम आने पर मेधावी सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। पढ़ेगा भारत परियोजना के तहत बच्चों को सायकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कम्पनी से महेश कुमार डागा, अनंता मीरधा, एपीसी समग्र शिक्षा सीताराम सिंह राणा, कुम्हाररास स्कूल के बच्चों के पालक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

### आज से 27 अप्रैल तक लगेगा सुविधा शिविर

**सुकमा।** जिले में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 अप्रैल से 27 अप्रैल को ग्राम पंचायत बड़ेसेट्टी में सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सुकमा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुविधा शिविर में आधारकार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता खोलना, नवीन आवेदन की पेंशन स्वीकृति दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन का भुगतान से लाभान्वित करने के साथ ही राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिविर स्थल बड़ेसेट्टी में शिविर के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी तहसीलदार सुकमा और बीईओ सुकमा को दी गई है।

### नव नियुक्त कलेक्टर ने किया संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण

# कर्मचारी की टेबल पर नेमप्लेट तथा कार्य विवरण अंकित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



नव नियुक्त कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप पंजीयक, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई, राजस्व सहित अन्य विभागों की शाखाओं का जायजा लिया।

■ विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित हों

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों में आवक-जावक रजिस्टर का सुव्यवस्थित संधारण, प्रत्येक कर्मचारी की टेबल पर नेम प्लेट तथा कार्य विवरण दीवार पर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आगंतुकों की सुविधा के लिए भवन में विभागों की दिशा सूचक तीर चिह्न लगाए जाएं, जिससे कोई भ्रम न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुराने भंडारण सामग्री के निपटान (राइट-अप) की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

कलेक्टर ने कार्यालय निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित हों और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समय पर आने हेतु निर्देशित करें। संयुक्त जिला कार्यालय में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर दुदावत ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रखरखाव तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### चिकित्सा सेवा प्रदाय संबंधी किसी भी प्रकार की कोताही पर होगी कड़ी कार्रवाई

आज मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्रथम औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय की सभी महत्वपूर्ण विभागों जैसे अस्थि रोग, शिशु रोग नाक कान गला, ब्रेन हेल्थ, स्त्री प्रसूति वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा वार्ड, सोनोग्राफी, ट्रामा, सेंटर, जनरल वार्ड, सीटी स्कैन, हमर लैब, ब्लड यूनिट वार्ड का औचक निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों और उपस्थित चिकित्सा विभाग की कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम चिकित्सालय के प्रतिक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए उसे व्यवस्थित करने को कहा तत्पश्चात उन्होंने अभी हाल ही में प्रारम्भ हुआ ब्रेन हेल्थ वार्ड में जाकर वहां उपस्थित चिकित्सक से आने वाले मरीजों की औसत ओपीडी जानना चाही इसके उत्तर में उपस्थित डाक्टरों ने बताया की औसतन 30 से 35 ओपीडी चिकित्सकी परामर्श के लिए आते हैं इनमें से अधिकतर डिप्रेशन अनिद्रा पार्किंसंस सहित अन्य मानसिक बीमारियों से ग्रसित रोगी रहते है जिनकी काउंसलिंग करके उन्हें उपचार संबंधी इलाज किया जाता है। इस क्रम में आगे टीकाकरण कक्ष को देखा इस दौरान उपस्थित महिला मरीज ग्राम बिजाम निवासी ललिता से चर्चा कर उसके टीकाकरण कार्ड को देखा। साथ ही स्टाफ से कहा कि उनके पास आने वाली महिलाओं को महतारी वंदन जैसी महिलान्मुख योजनाओं के बारे में अवश्य बताएं। इस मौके पर सभी वार्डों में उपचारित निशुल्क दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को दिए जा रहे भोजन उसकी गुणवत्ता उनके डाइट और चिकित्सकों के नियमित रूप से मरीजों के देखने के समय के बारे में भी मरीजों और उनके परिजनों से फीडबैक लेते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय के निर्माणाधीन "रेनोवेशन" कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के वार्डों के प्रसाधन कक्षों में भी नियमित रूप से स्वच्छता को प्राथमिकता देने को कहा।

## प्राथमिक उपचार कर दवाइयों का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोटा

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेवा दे रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सुरज पाल वर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कोन्टा के मार्गदर्शन में एवं कमाण्डेंट पार्थ सारथी घोष के निर्देशन में 219 भेजी कैम्प में सी 219वीं वाहिनी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं भण्डारे का आयोजन किया गया।

■ पुलिस बल ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं भण्डारे का किया आयोजन

इस शिविर के माध्यम से ग्राम भेजी,पेंटाभेजी,ओंदरपारा तथा आस-पास के ग्रामीणों को सीआरपीएफ के चिकित्सा विभाग द्वारा वर्तमान समय में होने वाली बीमारियों जैसे कि सर्दी जुखाम खांसी बुखार डेंगू मलेरिया टायफयड आदि से पीड़ित ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार कर दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही मौसम बदलने के साथ उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव तथा उपचार के बारे में भी बताया गया। आयोजित मेडिकल शिविर में उपस्थित कमांडेंट कर्मवीर सिंह द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार सहा. कमाण्डेन्ट द्वारा ग्रामीणों के समग्र कल्याण में सुधार हेतु विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया व गरमी के मौसम में खान-पान का विशेष ख्याल रखने हेतु आवश्यक जानकारी दी।

उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। कार्यकम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने भण्डारे का लुप्त उठाया।

## बस्तर ब्लॉक में शाला संग्रहालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के प्राथमिक शाला भोंड, संकुल भोंड विकासखण्ड बस्तर में संकुल स्तरीय शाला संग्रहालय का उद्घाटन किया गया। शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित करना। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को बचाने के लिए प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना, बच्चों की खोजी प्रवृत्ति का विकास करना, पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है।

यह भोंड समुदाय के विशेष सहयोग से पुरानी सामग्री को एकत्र कर शाला संग्रहालय का निर्माण शिक्षा से जोड़ने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। साथ ही भाषा को भी सहेजने का कार्य किया जा रहा है। लैंग्वेज एन्ड लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा पहल किया गया। शुरुआत में समुदाय में लोगों के घर जाकर शाला संग्रहालय के बारे में बातचीत कर बैठक कर समुदाय के लोगों से सामग्री एकत्र को लेकर बातचीत किया गया। ग्राम के सरपंच जालंधर कश्यप ने संस्कृति के संरक्षण के साथ - साथ शिक्षा के गुणवता पर भी जोर देने की बात कही गई है। समुदाय ने शाला संग्रहालय की सराहना की। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक भीम सिंह परिहार, संकुल समन्वयक लखेराम बिसाई पंच धनीराम, पाण्डेश्वर, शम्भूनाथ बघेल, चंद्रमणी दास, उमा तिवारी, श्वेता बघेल, वीरेश पांडे, ईश्वर साहू, सतीश श्रीवास्तव, महेंद्र राठिया, पंकज देवांगन, दीपिका मिंज, हिरादई बघेल, अर्चना एक्का, गायत्री साहू, सुकमोतिन शोरी का विशेष सहयोग रहा।

## सीईओ ने ग्रामीणों से सुनी समस्या-शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा



कलेक्टर हरीश एस के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के लिए 23 अप्रैल से 2 मई तक ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

■ अधिकारियों के दलों ने मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

इसी कड़ी में जिले के विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायतों में बुधवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल,आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने दरभा ब्लॉक के अंदरूनी ग्राम पंचायत लेन्ड्रा के जनचौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होकर चर्चाकर उनकी समस्या-शिकायतें सुनी और निराकरण के लिए भरोसा दिलाया।

जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने दरभा ब्लॉक के सघन भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कामानार में दरभा ब्लॉक के सभी दलों के द्वारा चौपाल में की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं सुशासन तिहार के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीरेन्द्र बहादुर सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सुकमा में 70 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

प्रति वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है।


■ प्रथम नक्सल मुक्त पंचायत बड़ेसेट्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आज जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव राज्य के प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसेट्टी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत झापरा में जिलास्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम जॉइंट कलेक्टर डॉ सूरज कश्यप और जनपद सूरी मधु तेता के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी, बिहार से प्रसारित वर्चुअल संबोधन के साथ हुई, जिसे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जन, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री के विचार ने ग्रामीण विकास की दिशा में नई प्रेरणा दी। ग्राम सभा के दौरान पंचायत सचिव द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को एजेंडा बिंदुवार जानकारी दी गई, जिसमें विकास योजनाओं से लेकर पंचायत की भूमिका तक की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा केंद्र के माध्यम से अब ग्रामीण जनों को बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, दस्तावेजों की ऑनलाइन सेवाएं एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर ही सुलभ होंगी। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाते हुए सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता की शपथ भी ली।

## व्याख्याताओं का पुणे में कार्यशाला के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहंडीगुड़ा


राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थाओं में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों से 132 व्याख्याताओं का भारतीय विज्ञान शिक्षण व अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर की ओर से पीएमश्री योजना के अंतर्गत शिक्षकों की गणित विज्ञान एवं टेक्नॉलजी में क्षमता विकास के लिए आयोजित हैं। इस कार्यशाला में आशीष गौतम पीएमश्री समन्वयक छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को पुणे के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषय विशेषज्ञों की ओर से चर्चा और क्रियाकलाप संपादित होगी। कार्यशाला में भाग लेने के लिए बस्तर संभाग से बस्तर जिले के पीएम श्री सेजेस विद्यालय से चार व्याख्याता गीता यादव लोहंडीगुड़ा, उर्मिला ठाकुर धरमपुरा, भार्गव पांडेय बस्तर, शंकर राव करपावड का चयन कार्यशाला के लिए किया गया है।

## कलेक्टर ने साइंस सेंटर का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



आज कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्किट हाउस रोड स्थित दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का अवलोकन किया गया। गौरतलब है कि जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहाँ विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है।

यह विज्ञान केंद्र जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रतिदिन विशेष रूप से संचालित बसों के माध्यम से विद्यार्थी यहां पहुंचते हैं और केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल देखते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोजते हैं। इस साइंस सेंटर का उद्देश्य केवल विज्ञान की शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने यहां विभिन्न साइंटिफिक थीम पर आधारित कक्ष जैसे इंडस्ट्री रूम, फिजिक्स रूम, इमर्सिव रूम, मिनी वर्ल्ड रूम, हार्वेस्ट हब का भ्रमण करते हुए पोटाकेबिन कुआकोंडा के छात्रों से वैज्ञानिक माडलों प्रयोगों और प्रदर्शनों के बारे में चर्चा करते हुए विज्ञान संबंधित सिद्धांतों जैसे न्यूटन के उद्गम स्थल चुंबकीय उत्तोलन, वानडे ग्राफ जनरेटर, तरंग मंडल, लेज कानून, बैलिस्टिक पेंडुलम, टेस्ला कॉईल, प्लाज्मा बल, प्रकाशकिय गति, व्हिम्स हर्सट मशीन को समझाया।

## 45 हजार से अधिक आवेदनों पर कलेक्टर की सख्ती

### शीघ्र समाधान और आवेदकों को सूचना देना अनिवार्य




हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जन आवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल जिले में 45 हजार 288 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है। प्रत्येक आवेदन हमारे लिए एक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। बता दें यह तिहार शासन की जनहित में त्वरित कार्यवाही की नीति को मूर्त रूप प्रदान करता है।

## बच्चों को मिला जाति प्रमाण पत्र, चेहरे पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोण्ड



जिला कलेक्टर हरिस एस के पहल पर आज बच्चों के जीवन में नई उम्मीद की किरण जगी। बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला कुडकानार के बच्चों को शाला में जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं में अध्ययनरत गंगोत्री बघेल, सागर बघेल, विजय बघेल, अमित बघेल, शिवानी बघेल, मिनी नाग, रेणुका मौर्य, खुशी नाग, पायल बघेल को शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने जाति प्रमाण पत्र वितरित किया। शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने कहा कि प्रशासन की इस पहल से बच्चों के अभिभावक बेहद खुश हैं। लंबे समय से लंबित जाति प्रमाण पत्र अब बच्चों को मिल रहे है। शासन के इस तरह के त्वरित निर्णय से बच्चो को आने वाले समय में शासकीय योजनाओ का लाभ मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों को मिली बैटरीचलित ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर



**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा तीन दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर प्रदाय की गई। नरहरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैराडीह के अस्थिबाधित दिव्यांग बिहारी पटेल को बैटरी चलित ट्रायसाइकल, ग्राम धनेलीकन्हार निवासी अंजोरी यादव क़ो व्हील चेयर और उनके भाई सुरीत यादव क़ो समाज कल्याण विभाग द्वारा सीपी चेयर प्रदान किया गया। समाज कल्याण के उप संचालक ने बताया कि आवेदक की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर प्रदान किया गया।

### वार्ड क्रमांक 5 में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**भानुप्रतापपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के जनशताब्दी सेवा सप्ताह सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 24 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 5 के सुलभ शौचालय की साफ सफाई किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 4 में महाराणा प्रताप की प्रतिमा,वार्ड क्रमांक 6 में वीर शिवाजी की प्रतिमा को स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना के अलावा नगर पंचायत के स्टाप उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर किया अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में दस-दस ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया। साथ ही सामुदायिक सहभागिता से जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मोर पानी-मोर गांव अभियान की शुरुआत की और जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पानी का सदुपयोग करने सहित भू-जल स्रोत में वृद्धि के लिए कुएं, बावड़ी, डबरी-तालाब इत्यादि पारम्परिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करने और रखरखाव करने सहित इस दिशा में जागरूकता निर्मित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जगदलपुर ब्लॉक के नानगुर में भी अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों तथा ग्रामीणों ने वर्चुअल रूप से उक्त कार्यक्रम को देखा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जगदलपुर विकासखण्ड के नानगुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत महतारी वंदन योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों सुमनी बघेल एवं मनीता सेठिया से चर्चा करते हुए महतारी वंदन योजना की सहायता राशि के उपयोग के बारे में पूछा। हितग्राही सुमनी बघेल ने ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए बताया कि पहले बैंक से पैसा निकालने के लिए जगदलपुर जाना पड़ता था लेकिन अब गांव में ही अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र खुलने से उसके साथ ही अन्य लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस दौरान अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र नानगुर में आधार इनबेल्ट माध्यम से सुमनी बघेल, मनीता सेठिया, शान्ति बघेल और कलावती कश्यप को महतारी वंदन योजनांतर्गत राशि का नकद भुगतान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुरषोत्तम कश्यप सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी और कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नानगुर के महतारी वंदन योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से की चर्चा






### महतारी वंदन महिलाओं के लिए मददगार

सुमनी ने बताया कि सरकार के द्वारा महतारी वंदन योजनांतर्गत दी जा रही सहायता राशि को बचत कर रही हैं। इस सहायता राशि से 8 वीं कक्षा पढ़ रही बेटी को 12 वीं के बाद कम्प्यूटर कोर्स करवाना चाहती है। वहीं मनीता सेठिया ने बताया कि महतारी वंदन योजनांतर्गत सहायता राशि हम महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही है, वह इस राशि का उपयोग घरेलू जरूरतों के लिए कर रही हैं।

## महापौर संजय पांडेय की उपस्थिति मे हुई बैठक

# जलकर वसूली अभियान होगी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वित्तीय वर्ष 2024-25 की जलकर वसूली बहुत ही कम है बकाया व वर्तमान वित्तीय वर्ष के जलकर की शत प्रतिशत वसूली करने सोमवार से अभियान चालू किया गया। 4 करोड़ 72 लाख 72 हजार जलकर वसूली की जाएगी।

■ 4 करोड़ 72 लाख जलकर बाकी



नगर पालिका निगम जगदलपुर का पीएचई अमला अभियान चलाएगा। जिसके तहत गुरुवार को महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में एवं आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा के दिशा निर्देश पर नगर पालिका निगम जगदलपुर में जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में पीएचई एवं राजस्व अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसके तहत 2024 -25 मे जलकर की मांग 7 करोड़ 67 लाख 45 हजार है। जलकर वसूली 31 मार्च तक 2 करोड़ 91 लाख 73 हजार हो पाई है जिसका प्रतिशत 38.16 है।

48 वार्ड में जल कनेक्शन लेने वालों की संख्या 22311 है। जिसमें 3051 लोगो से 10000 से ऊपर जलकर बकाया है. जिसमें 4 करोड़ 12 लाख 8 हजार की जलकर वसूली बकाया है। सहायक राजस्व निरीक्षक एवं पंप ऑपरेटर मिलकर जलकर की वसूली करेंगे। इस बैठक में राजस्व निरीक्षक विनय श्रीवास्तव, कुलदीप पाणिग्रही,सब इंजीनियर संजीव कर्ण उपस्थित थे।

### 3051 उपभोक्ताओं से करेंगे वसूली

प्रवीर वार्ड मे 66 उपभोक्ताओं से 18 लाख 69 हजार 279 रुपए, विजय वार्ड 42 उपभोक्ताओं से 12 लाख 21 हजार 306, शिव मंदिर वार्ड 42 उपभोक्ताओं से 12 लाख 62 हजार 523 रुपये,भैरम देव वार्ड 72 उपभोक्ताओं से 18 लाख 40 हजार 785, वीर सावरकर वार्ड 42 उपभोक्ताओं से 11 लाख 72 हजार 654 रुपए जलकर वसूली किया जाना बाकी है। समस्त 48 वार्ड मिलाकर 3051 उपभोक्ताओं से जलकर वसूली लेना पाया गया है।

### अवैध नल कनेक्शन कटेंगे

महापौर संजय पांडे ने कहा 1 महीने के अंदर अधिकारियों को जलकर वसूलने कहा गया है। टुल्लू पंप जप्ती का भी निर्देश दिया है। जलकर अगर नहीं देते हैं तो चिन्हित करके नल कनेक्शन काटे जाएंगे।अवैध नल कनेक्शन को भी काटा जाएगा।

# शिविर 85 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में 24 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 85 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

संत निरंकारी सत्संग भवन अघन नगर में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य मे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें 70 पुरुषों एवं 15 महिलाएं शामिल थी। इस आयोजन में संत निरंकारी मिशन के सेवादार भाइयों एवं बहनों तथा कोमल देव जिला अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अपना सहयोग प्रदान किया। विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव रक्तदान शिविर में पहुँचकर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि संत निरंकारी मिशन के द्वारा जो पहल किया गया है।

## समस्याओं को लेकर शिक्षक संगठन मिला संयुक्त संचालक से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर के शिक्षक संगठन विभिन्न मांगों को लेकर लामबंद हो रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्व शैक्षिक संगठन के द्वारा शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डाइरेक्टर (जेडी) संजीव श्रीवास्तव से मिलकर चर्चा क़ी है। जिसमे प्रमुख रूप से बस्तर संभाग में प्रमोशन के लिये सहायक शिक्षक से शिक्षक, शिक्षक से प्रधान पाठक के पदों पर समय सारिणी बनाकर किया जाना, वरिष्ठता सूची को त्रुटि रहित तैयार किया जाना, शिक्षकों क़ी जीपीएफ पासबुक और सेवा पुस्तिका को दुरुस्थ किया जाना, शिक्षकों को निर्वाचन कार्य के अलावा अन्य समस्त प्रकार के गैर शिक्षकीय कार्यों से मुक्त करने, बस्तर संभाग में कई जिलों में शिक्षकों को तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य में चौकीदारी ड्यूटी लगा दी गई है, ऐसे आदेशों को तत्काल निरस्त कर जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही करने समेत अन्य मांगे रखी गई। उक्त समस्त मांगों पर विचार कर समस्या का निराकरण करने क़ी जेडी संजीव श्रीवास्तव के द्वारा सहमति दी गई।

## महानारायण सेवा में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



श्री सत्य साई आराधना महोत्सव गुरूवार को भगवान की महासमाधि की 14 वीं बरसी पर गहन भक्ति और पवित्रता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए श्री सत्य साई सेवा समिति शहर में सुबह ओंकारम, सुप्रभातम कर नगर संकीर्तन किया, वापस साई मंदिर आकर संगठन का ध्वजारोहण कर भजन किया गया, इसमें बड़ी संख्या में साई भक्त महिला, पुरुषों ने भाग लिया। दोपहर महानारायण सेवा (भंडारा) किया गया, जिसमें लगभग सैकड़ों भक्तों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को वेदपाठ, भजन, साई संदेश वाचन के साथ महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ। कालीपुर में अमृत कलश का (चावल, दाल, खाने का तेल, नहाने का साबुन, कपड़े धोने के साबुन, हल्दी, मिर्च, धनिया, बालों में लगाने का तेल, सर्प, आदि खाद्य सामग्री) का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम बस्तर जिला की छप्पर भानपुरी, धनपूंजी, पालीभाटा एवं अन्य सभी समिति तथा भजन मंडली में कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक केएस रमैया, जिला अध्यक्ष संजय वैष्णव, समिति संयोजक मुकेश रायकवार, पूर्व जिला अध्यक्ष सीएल साव, पूर्व समिति संयोजक डी. रामलू राव, आरसी खत्री, विजय साई, कुणाल सूर्यवंशी, जयसिंह राठौर, जीतेंद्र रायकवार, भोला मानिकपुरी, रोहन टांडे, बी नागेश, ईश्वर लाल सलाम, सबाजीत वर्मा, लेखराज हिरवानी, श्रीमती रमणा रमैया, राहुल रायकवार, समिति के युवा सदस्य एवं वरिष्ठ भक्तगण ने अपनी सेवाएं दी।




## डेंगू के रोकथाम व बचाव पर जागरूकता अभियान

**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के आदेश तथा मार्गदर्शन में गुरूवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन द्वारा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में सामुदायिक साझेदारी दूर करेगी डेंगू की बीमारी के थीम पर डेंगू के रोकथाम एवं बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत स्कूली बच्चों को डेंगू नियंत्रण पर शिक्षित करने जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया ने बताया कि एकलव्य आवासी छात्रावास, पीएम श्री नवोदय विद्यालय धरमपुरा, दीप्ति कान्वेंट, विद्या ज्योति, निर्मल विद्यालय स्कूलों में डेंगू से बचाव हेतु अपने आस-पास पानी का जमाव न होने दें, घर के कुलर, पुराने बर्तनों, पुराने टायरों, प्लास्टिक के बोतलों, नारियल के खोल में पानी जमा न हो और नियमित सफाई के साथ मच्छरदानी का उपयोग और फूल आस्तीन के कपड़े पहनने के सलाह दिए। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. विराट तिवारी, डॉ. एंजेल पलक, सुपरवाइजर नरेश मरकाम, प्रशांत श्रीवास्तव, वर्षा नामदेव, सुन्दर मरकाम, संगीता राय, तामेश्वरी मरावी, मोहन कश्यप के अलावा स्कूलों के शिक्षक के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग तथा स्कूल प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा।

गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करे,नही तो समाज करेगा उग्र प्रदर्शन

## फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफ ब्राम्हण समाज आक्रोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

फिल्म निर्माता और निर्देशक अनुराग कश्यप ने पूरे ब्राह्मण समाज के लोगों को नीचा दिखाने की नीयत से ब्राह्मणों पर अनर्गल टिप्पणी की है। जिससे बस्तर के समूचा ब्राह्मण समाज शर्मसार और आक्रोशित है। निर्माता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और तत्काल गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग को शिकायत पत्र सौपा। ब्राम्हण समाज के नगर अध्यक्ष किरण शुक्ला ने कहा उक्त असभ्य और ब्राम्हण विरोधी फिल्म निर्माता के शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और फिल्म निर्माण पर अविलम्ब रोक लगाया जाए। यदि ऐसा नही किया गया तो समाज सड़क पर उतर उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

ब्राह्मण समाज कोतवाली प्रभारी से निवेदन करता है कि अनुराग कश्यप पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई कर, ब्राह्मण समाज को न्याय दिलाने का कष्ट करे। इस दौरान अभय दीक्षित, शैलेन्द्र पांडे, पंकज मिश्रा, अजय तिवारी, अनिरुद्ध मिश्रा, योगेश मिश्रा समेत अन्य सम्मलित थे।

## चिलकुटी में हुई एक युद्ध-नशे के विरुद्ध कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा गठित कोटपा टास्क फोर्स के द्वारा जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिलकुटी के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रांगण में एक युद्ध नशे के विरुद्ध की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के बच्चों सहित पालकों को मादक पदार्थों जैसे तंबाकू, सिगरेट,आदि के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराया गया और इन मादक पदार्थों से बचाव सम्बन्धी जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच श्रीमती धनमती पुजारी और अन्य पंचायत पदाधिकारी सहित समाज कल्याण विभाग से मुकेश वासनिक,स्वास्थ्य विभाग से उमाकांत साहू,आबकारी विभाग से सुरेश पुरैना, टास्क फोर्स के जिला नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके, महिला बाल विकास विभाग से शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नगरनार थाना से टीआई सतीश यदुराज तथा दोनों स्कूलों के समस्त स्टॉफ, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने शिक्षा विभाग से एपीसी राकेश खापर्डे और खंड शिक्षा अधिकारी एमएस भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।

## पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने लगाए पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संस्कार द स्मार्ट स्कूल धरमपुरा में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। शिक्षकों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या ऐनी पाल व्यवस्थापक एलेक्स मैथ्यू तथा सभी षिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने योगदान दिया।




## पशुपालन विभागीय योजनाओं का करें कारगर क्रियान्वयन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले के किसानों और ग्रामीणों को पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विभागीय योजनाओं और गतिविधियों का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस दिशा में राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजनातंर्गत गौ-पालन के लिए सहायता प्रदान करने सहित विभागीय योजनाओं के तहत सूकरत्रयी योजनांतर्गत सूकरपालन, बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजना से कुक्कुटपालन एवं नर बकरापालन यूनिट के तहत बकरीपालन के लिए आवश्यक सहायता एवं प्रशिक्षण हितग्राहियों को प्रदान किया जाए। साथ ही नस्ल सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों एवं पशुपालकों के देशी नस्ल के गौवंशीय मवेशियों का कृत्रिम गर्भाधान करने के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। कलेक्टर श्री हरिस एस गुरूवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पशु चिकित्सा विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों के मवेशियों का नियमित रूप से उपचार और टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने पर बल देते हुए उक्त कार्य को बारिश के पूर्व अभियान के रूप में चलाए जाने के निर्देश दिए।

■ पशु चिकित्सा विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



बैठक में कलेक्टर ने जिले के अन्तर्गत पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान की समीक्षा में अत्यंत धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए आगामी वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने की चेतावनी दी। वहीं उन्होंने जिले में वर्ष 2024-25 में किए गए पशुओं में टीकाकरण एचएस, बीक्यू, एफएमडी, लम्पी स्किन डिसिज, ब्रसोलोसिस, पीपीआर, स्वाइन फिवर के टीकाकरण लक्ष्य के विरूद्ध अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण सभी विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारी विशेषकर विकासखण्ड प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के अंत में कलेक्टर के द्वारा उपस्थित समस्त विकासखण्ड प्रभारी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. देवेन्द्र नेताम ने आगामी तीन माह के भीतर लक्ष्य के अनुरूप विभागीय कार्यों में अपेक्षित उपलब्धि लाने के लिए आश्वस्त किया। बैठक में जिले में पदस्थ वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी तथा विभिन्न संस्थाओं एवं विकासखण्ड के प्रभारी के साथ ही मोबाईल वेटनरी यूनिट के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

